दिन– शुक्रवार | दिनांक– 21 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान पटना में चौदह सौ करोड़ रूपये से अधिक की छह सौ तेईस योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। कहा– प्रधानमंत्री ढाई करोड़ किसानों के साथ संवाद करेंगे।

03. एनडीए के संयुक्त कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन का पांचवां चरण सत्ताईस फरवरी से शुरू होगा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा सहित पूर्वी क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के अंतिम दिन पटना जिले में लगभग एक हजार चार सौ पांच करोड़ रूपये की लागत वाली छह सौ से अधिक योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। श्री कुमार ने पर्यटन, परिवहन, सड़क संपर्क और शहरी सुविधाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

मुख्यमंत्री ने जे.पी. सेतु से कोइलवर तक प्रस्तावित रिंग रोड का शिलान्यास और छितनावां रोड का रिमोट से उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने रूपसपुर में नहर रोड के चौड़ीकरण का शिलान्यास और पटना के मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स में नवनिर्मित मल्टी लेवल कार पार्किंग और मॉडल वेंडिंग जोन का उद्घाटन किया। उन्होंने बाढ़ प्रखंड के बेढ़ना पंचायत में पंचायत सरकार भवन, पुस्तकालय और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टेलीमेडिसिन जैसी सुविधाओं का भी शुभारंभ किया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने कंगनघाट पर पटना साहिब गुरुद्वारा के निकट मल्टी लेवल पार्किंग, गायघाट से दीदारगंज तक पुराने गंगा पथ का चौड़ीकरण, बाढ़ के उमानाथ मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, पालीगंज के उलार सूर्य मंदिर में पर्यटक सुविधाओं का विकास, पालीगंज में निबंधन कार्यालय खोलने और पटना जिले के तेरह प्रखंडों में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन के निर्माण के साथ अन्य महत्तवपूर्ण घोषणाएं कीं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं रजनीकांत चौधरी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में बताया कि देश भर के दो करोड़ पचास लाख किसान इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत और ऑनलाइन रूप से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक कुल तीन लाख छियालीस हजार करोड़ रुपये जारी किये जा चुके हैं।

———बाइट———

इस योजना के अंतर्गत सीधे छह हजार रूपये तीन किस्तों में किसान के खाते में अंतरित किए जाते हैं और अब तक तीन दशमलव छियालीस लाख करोड़ रूपया किसानों के खाते में अंतरित किए जा चुके हैं और उन्नीसवीं किस्त जारी होते ही तीन लाख अड़सठ  हजार करोड़ रूपया किसान के खाते में पहुंचेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी की योजना है ये।

———————————————————

एनडीए के पांचवें चरण के संयुक्त कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन की घोषणा कर दी गयी है। आज पटना के जदयू कार्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने संयुक्त रूप से इसकी घोषणा की। एनडीए कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन सत्ताईस फरवरी से तीस मार्च तक चलेगा। इस चरण में सत्ताईस फरवरी को समस्तीपुर, एक मार्च को मधेपुरा, नौ मार्च को शेखपुरा, बाईस मार्च को मुंगेर, तेईस मार्च को पूर्णिया और कटिहार, उनतीस मार्च को भागलपुर और नवगछिया तथा तीस मार्च को बांका में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के सभी जिलों में एनडीए की एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए पंद्रह जनवरी से संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत की गई है।

———————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केंद्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस को बिहार के लिए ऐतिहासिक बजट बताया है। श्री कुमार ने समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि केंद्रीय बजट में राज्य की कई आकांक्षाओं को पूरा करने का काम किया गया है।

———बाइट———

इधर, परिवहन मंत्री शीला मंडल ने शेखपुरा में बजट पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मखाना बोर्ड, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जैसी घोषणाओं से बिहार को आर्थिक गति मिलेगी।

———बाइट———

---

राजद के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज पटना में मीडिया से बात करते हुए भाजपा पर आरोप लगाया कि पार्टी में एक नहीं बल्कि कई गुट काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है और युवाओं का पलायन जारी है।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे कभी मुख्यमंत्री नहीं बन पायेंगे। श्री सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अपराध क्या होता है यह नेता प्रतिपक्ष को मालूम ही नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल अपराध के आंकड़े जारी करने से जंगलराज का दाग धुल नहीं जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव को अपने पिता के शासनकाल में हुए अपराधों का पहले ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

———बाइट———

---

और, अब खबरें महाकुंभ से—

———म्यूजिक———

प्रयागराज महाकुंभ में भक्ति, आस्था और आध्यात्म के साथ—साथ शिक्षा पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर मेला क्षेत्र के हर सेक्टर में विद्याकुंभ नाम से विद्यालय स्थापित किए गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा के साथ—साथ अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

———रिपोर्ट———

महाकुंभ में उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग और मेला विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से विद्याकुंभ बनाए गए हैं। विद्याकुंभ में अधिकतम श्रमिकों के बच्चे पढ़ते हैं। महाकुंभ के सेक्टर—2 स्थित विद्याकुंभ के प्रधान अध्यापक दिलीप कुमार मिश्र ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि विद्याकुंभ को बच्चों द्वारा भीख मांगने की प्रथा को भी काम कर रहा है। अध्यापिका डॉक्टर संगीता ने बताया कि विद्याकुंभ में बच्चियों के सशक्तिकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कुंभविद्या में अध्ययन कर रही छात्राओं ने भी अपना

अनुभव साझा किया है। विद्याकुंभ बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन में उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

---

महाशिवरात्रि पर अमृत स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रेलवे ने कई प्रबंध किये हैं। रेलवे द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूर्व मध्य रेलवे के उन्नीस प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया का निर्माण कराया गया है। पटना के तीन स्टेशनों–पटना जंक्शन, राजेन्द्रनगर टर्मिनल और दानापुर में दो–दो होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। इसके अलावा आरा, बक्सर और बेगूसराय स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरिया का निर्माण कराया गया है। होल्डिंग एरिया में यात्रियों के बैठने, पेयजल और रेलगाड़ियों की जानकारी के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाया गया है। साथ ही इन सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गयी है। इधर, समस्तीपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि मंडल के समस्तीपुर, जयनगर, दरभंगा, सहरसा और रक्सौल समेत विभिन्न स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरिया बनाया गया है।

–––बाइट–––

---

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर–आईसीएआर–आरसीईआर के रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन आज देशभर के कई कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए ट्रस्ट ऑफ एडवांस्मेंट एग्रीकल्चरल साइंसेज के प्रमुख डॉ. आर. एस. परोदा ने किसानों से समेकित कृषि प्रणाली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने और सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। सेमिनार को राज्य के खाद्य और उपभोक्ता विभाग के सचिव डॉ. एन. सरवन कुमार, कृषि वैज्ञानिक उमेश सिंह, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. अरूणाभ पटनायक और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.के. घोष ने भी संबोधित किया।

---

प्रयागराज में जारी महाकुंभ से लौट रहे छह तीर्थयात्रियों की आज सुबह भोजपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। आरा–मोहनिया राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर दुल्हनगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास यह दुर्घटना उस समय हुई जब तीर्थयात्रियों के तेज

रफ्तार वाहन ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। मृतकों में चार महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

———————————————————

कैमूर वन्य प्रमंडल के डीएफओ चंचल प्रकाशम ने बताया कि जिले के करकटगढ़ स्थित ईको पार्क को चौदह करोड़ रूपये की लागत से विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जगदहवा डैम पर पच्चीस एकड़ में बारह करोड़ रूपये की लागत से नया ईको पार्क बनाया जाएगा। इसके अलावा पर्यटकों के लिए कई सुविधाएं भी प्रदान की जायेंगी। पर्यावरण विभाग ने तेलहार कुंड में एडवेंचर एक्टिविटी के तहत ग्लास ब्रिज और सस्पेंशन ब्रिज भी बनाया जायेगा। पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आज कैमूर में आयोजित योजनाओं की समीक्षा की।

———————————————————

राज्य के कई हिस्सों में मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा और प्रदेश के पूर्वी भाग के अधिकांश जिलों में वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———बाइट———

———————————————————

जमुई जिले का चौंतीसवां स्थापना दिवस आज समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

———————————————————

पूर्वी चंपारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हरि किशोर राय ने मोतिहारी मुफस्सिल सर्किल इंस्पेक्टर को काम में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

———————————————————

अररिया जिले की सिकटी थाना पुलिस ने दो तस्करों को एक सौ सत्रह लीटर नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान पटना में चौदह सौ करोड़ रूपये से अधिक की छह सौ तेईस योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। कहा– प्रधानमंत्री ढाई करोड़ किसानों के साथ संवाद करेंगे।

03. एनडीए के संयुक्त कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन का पांचवां चरण सत्ताईस फरवरी से शुरू होगा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा सहित पूर्वी क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।